अमर उजाला 01/08/2022

# सेवानिवृत्त हुए प्राचार्य डॉ. राजपाल, प्रो. सुदर्शन

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी प्राचार्य डॉ. राजपाल सिंह व पंजाबी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुदर्शन गासो सेवानिवृत्त हो गए। महाविद्यालय में आयोजित समारोह में आर्य कन्या महाविद्यालय से प्राचार्य अनुपमा आर्या, डीएवी कॉलेज पेहोवा से प्राचार्य डॉ. कामदेव झा , एमएन कॉलेज शाहबाद के कॉलेज प्राचार्य व प्रिंसिपल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक चौधरी, पूर्व प्राचार्य डीएवी कॉलेज अंबाला सिटी से डॉ. जे एस नैन, जीएमएन कॉलेज की डीजीएचई नॉमिनी प्रोमिला मलिक, आईजीएन कॉलेज लाडवा के पूर्व प्राचार्य एचपी शर्मा, एमडीएसडी गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य डॉ. किरण आंगरा व गवर्नमेंट कॉलेज नारायणगढ़ से सीमा राणा आदि ने प्राचार्य डॉ. राजपाल सिंह और पंजाबी विभाग विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुदर्शन गासों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर रोशनी डाली। संवाद